हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 11 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 32 .0 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

10 निपुण अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही....


10 लोक नृत्य और मार्शल आर्ट से मोहा दर्शकों का मन


## खबर संक्षेप

### जम्मू-कटरा हाईवे पर हादसे में युवक की मौत

जींद। जम्मू-कटरा नेशनल हाईवे पर गांव खरकगादिया के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। तेलीखेड़ा निवासी बलराज कंबाइन पर हैल्पर का कार्य करता था। बीती रात खाना खाकर वह घर से गांव खरक गादियां में चल रही कंबाइन मशीन को देखने के लिए निकला था। रास्ते में जम्मू-कटरा नेशनल हाइवे अज्ञात ने उसको टक्कर मार दी।

### रंजिशन हमला करने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

जींद। जुलाना में कहासुनी के बाद हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी रिषीपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी अशोक परिवार से कहासुनी हो गई। जिस पर अशोक परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। जुलाना थाना पुलिस ने रिषीपाल की शिकायत पर अशोक, अंकित, सोनिया तथा एक लडकी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध असलहा के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

जींद। सीआईए स्टाफ ने पिल्लूखेड़ा के निकट नेशनल हाइवे 152डी पूल के नीचे एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ कर्मी जींद पिल्लूखेड़ा मार्ग पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान नेशनल हाइवे 152डी पुल के नीचे खड़ा युवक पुलिस कर्मियों को देखकर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया।

### महिला से गाली-गलौज पड़ोसी पर मामला दर्ज

जींद। सफीदों तहसील में महिला को गालियां देने तथा अशील भाषा का प्रयोग करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना इलाका सफीदों की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तहसील में चाय का खोखा चलाती है। उसके पड़ोसी खोखा वाले कृष्ण के साथ उसकी कहासुनी हो गई। जिस पर कृष्ण ने गालियां दी। शहर थाना सफीदों पुलिस ने महिला की शिकायत पर कृष्ण के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेब काटने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

कैथल। कैथल क्षेत्र में जेब काटने के मामले की त्वरित कार्रवाई करते सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव संडील जिला जींद निवासी सतीश कुमार को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि देवबन हाल भगत सिंह कालोनी कैथल निवासी जयकरण की शिकायत अनुसार उसकी पत्नी सरकारी अस्पताल कैथल में एडमिट होने के कारण वह 8 अप्रैल को वह अस्पताल की लाईन में लगा हुआ था तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठाकर उसकी जेब काट ली।

### मोबाइल स्नैचिंग मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

कैथल। थाना सिविल लाइन क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग मामले की जांच एंटी नारकोटिक सेल के एएसआई जसमेर सिंह की टीम ने कार्रवाई करते खुराना रोड कैथल निवासी अनुज व हरि नगर कैथल निवासी देव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गगनी जिला फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश निवासी विजय कुमार की शिकायत अनुसार 24 मार्च की रात करीब 11 बजे वह पेहवा चौक से करनाल चौक की ओर पैदल जा रहा था।

# राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने दी जुलाना मंडी के तृतीय भाग को बनाने की मंजूरी

## आठ करोड़ 31 लाख रुपये की प्रशासनिक मंजूरी मिली, किसानों को अब फसल उतारने में नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना की नई अनाज मंडी में तृतीय भाग के निर्माण कार्य को सरकार ने मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के लिए 8 करोड़ 31 लाख 57 हजार 370 रुपये रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। जुलाना की अनाज मंडी हरियाणा की प्रमुख मंडियों में से एक है। जहां प्रदेश में सबसे अधिक धान और गेहूं की आवक होती है। फसल सीजन के दौरान किसानों को अपनी उपज मंडी में उतारने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाता था। जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब तृतीय भाग के निर्माण के बाद इस समस्या का समाधान हो जाएगा। किसानों को अपनी फसल रखने लिए पर्याप्त जगह मिलेगी और मंडी में व्यवस्था बेहतर होगी। इस मंडी में जींद, रोहतक, झज्जर, गोहाना, हांसी और भिवानी सहित कई जिलों से किसान अपनी फसल लेकर आते हैं।मंडी के विस्तार से न केवल किसानों को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र में कृषि व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। जुलाना अनाज मंडी में पहुंचे जींद सर्किल के अधीक्षक अभियंता नवीन दहिया ने मंडी का निरीक्षण करने के बाद मंडी चेयरमैन मीनू शर्मा व मंडी प्रधान पवन लाठर व अन्य आढ़तियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की व जानकारी दी कि मंडी के तृतीय भाग को पक्का करने के लिए बोर्ड मुख्यालय ने प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। जल्द ही इस कार्य को शुरु करवाने के लिए इसका डिटेल एस्टीमेट भेज कर मंजूरी करवा ली जाएगी व इसका जल्द से जल्द टेंडर लगवा कर इस कार्य को शुरू करवाया जाएगा ताकि जीरी के सीजन में आढ़तियों व किसानों को किसी प्रकार की मंडी में फसल डालने में दिक्कत न आए और जाम की स्थिति से छुटकारा मिल सके।


जुलाना। जानकारी देते मार्केटिंग बोर्ड के एसई नवीन दहिया। फोटो :हरिभूमि

### पेयजल समस्या का जल्द होगा हल

नवीन दहिया ने बताया कि पीने के पानी की फाइल में मुख्य प्रशासक के पास है व जल्द से जल्द इसका भी हल हो जाएगा व मंडी वालों को पीने के पानी की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। क्योंकि मंडी के अंदर सबमर्सिबल लगे हुए है। जिन का पानी खारा होने के कारण मंडी में पब्लिक हेल्थ विभाग के द्वारा पीने का पानी मुहैया करवाया जाएगा। इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो जाएगा। चेयरमैन मीनू शर्मा व प्रधान ने अधीक्षक अभियंता का धन्यवाद किया व बताया कि इस कार्य की मंजूरी मिलने के बाद मंडी में खुशी का माहौल है व इन दोनों कार्यों को छोड़कर मंडी में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है।

## डीएसपी और तहसीदार के आश्वासन पर माने

# शार्ट सर्किट से 12 एकड़ गेहूं की फसल जली, लगाया जाम

## बिजलीकर्मियों पर लापरवाही का आरोप, नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियां

**दो घंटे बाधित रहा जींद-सफीदों मार्ग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खेड़ी पावर हाउस के पीछे बिजली शॉर्ट सर्किट से खेतों में लगी आग से खफा ग्रामीणों ने जींद-सफीदों मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना के बाद भी फायर बिग्रेड की गाडियां मौके पर नही पहुंची। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे डीएसपी सफीदों तथा तहसीदार द्वारा सरकारी सहायता तथा लापरवाही बरतने वाले बिजली कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। लगभग दो घंटे लगे जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालको को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव खेडी पावर हाउस के पीछे शुक्रवार दोपहर को शार्ट सर्किट से खेतो मे आग भड़क उठी। हवा तेज होने के कारण आग लगातार फैलने लगी। खेतों में आग भड़कती देख गांव खेड़ी तथा तलौडा के किसान अपने संसाधन लेकर खेतों में पहुंच गए। फायर बिग्रेड को भी सूचना दी गई लेकिन हड़ताल के चलते नही पहुंची। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर हैरो की सहायता से खड़े गेहूं की जुताई कर आग को आगे बढने से रोक लिया। आग के कारण गांव सिवाहा निवासी संदीप की छह एकड़, गांव खेड़ी निवासी सोनू तथा मोनू की छह एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उनके खेतों में आग लगी है। सरकार उनको आर्थिक सहायता दे। घटना से खफा किसान पावर हाउस के सामने जींद-सफीदों मार्ग पर आ गए और जाम लगा दिया। किसानों के बिफरने की सूचना पाकर सफीदों के डीएसपी गौरव शर्मा, पिल्लूखेड़ा के नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उन्हें सरकार से सहायता दिलाई जाएगी और लापरवाही बरतने वाले बिजली कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दोनों अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीण जाम खोलने को राजी हो गए। दो घंटे लगे जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालको को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।


जींद। जाम में फंसे वाहन। फोटो :हरिभूमि

### सहायता दिलाई जाएगी

पिल्लखेडा के नायब तहसीदार राजेंद्र ने बताया कि किसानों को सहायता का आश्वासन दिया गया है। सरकार की तरफ से जो भी सहायता संभव होगी, वह दिलाई जाएगी। जिसके बाद किसानों ने जाम खोल दिया।

# डीइओ कार्यालय के तीन कर्मचारी निलंबित

- डायरेक्टर जनरल सेकेंडरी एजुकेशन हरियाणा पंचकूला ने जारी किए निर्देश

हभिूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा विभाग के चतुर्थ श्रेणी के 50 कर्मचारियों को एरियर देने पर डायरेक्टर जनरल सेकेंडरी एजुकेशन हरियाणा पंचकूला द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के तीन कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। इसमें क्लर्क राजेश कुमार, डिप्टी सुपडेंट रमेश कुमार व सुपरीडेंट जयवीर शामिल हैं। निलंबन के दौरान तीनों कर्मचारियों की सेवा शिक्षा सदन पंचकूला मुख्यालय पर रहेगी। बिना अनुमति के तीनों कर्मचारी मुख्यालय की अनुमति बिना स्टेशन नहीं छोड़ सकते। मामला है कि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 2004 से एरियर सहित अन्य लाभ ले रहा था। जबकि वरिष्ठ कर्मचारियों को यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसके बाद कर्मचारियों ने कोर्ट में याचिका दायर कर दी। कोर्ट ने शिक्षा विभाग के डायरेक्टर को इसकी जांच के आदेश दिए थे।

डायरेक्टर ने स्थानीय कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सीनियर कर्मचारियों की प्रजंटेशन की जांच की जाए और अगर सीनियर कर्मचारी एरियर सहित अन्य लाभ लेने के हकदार हैं तो उन्हें लाभ दिए जाए। जांच के दौरान कर्मचारियों को चार सदस्यीय कमेटी भी बनानी थी। कर्मचारियों ने बिना कमेटी बनाए ही प्रंजटेशन के आधार पर 50 सीनियर कर्मचारियों को एरियर लाभ दे दिए। फिर शिक्षा विभाग को पता चला कि जूनियर कर्मचारी को स्पेशल केस के तहत एरियर दिए थे। शिक्षा विभाग ने 50 सीनियर कर्मचारियों के एरियर को विदड्रायल कर दिया। 50 सीनियर कर्मचारियों ने कोर्ट में याचिका फिर से याचिका दायर कि उनके एरियर को विदड्रायल किया जा रहा है। इसके बाद अब डायरेक्टर जनरल सेकेंडरी एजुकेशन हरियाणा पंचकूला ने जींद के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सुपरीडेंट, डिप्टी सुपरीडेंट व डिलिंग को निलंबित कर दिया।


कैथल। सेक्टर 19-20 में गश्त करती पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

### स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया

कैथल। कानून व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से थाना सिविल लाइन प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास की अगुवाई में सेक्टर 19-20 में विशेष पैदल गश्त की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की इस दौरान करीब 30 पुलिस कर्मचारियों की टीम ने पूरे दोनो सेक्टर की मार्केट सहित अन्य जगह का दौरा किया। पुलिस टीम की मौजूदगी से शहर वासियों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ तथा असामाजिक तत्वों में भय पैदा हुआ। गश्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास भी नशे को बढ़ावा न दें। साथ ही युवाओं को विशेष रूप से नशे से बचने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि नशे का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अपहरण प्रयास के आरोपियों से करवाई निशानदेही

जुलाना। जुलाना कस्बे की पुरानी अनाजमंडी में 17 मार्च को सुबह एक व्यापारी के अपहरण का प्रयास किया गया था। पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर निशानदेही करवाई गई। व्यापारी सुशील 17 मार्च को सुबह के समय टहलने के लिए घर से निकले थे। जब वह अनाजमंडी स्थित चौकी के पास पहुंचे, तभी एक सफेद रंग की कार अचानक उनके सामने आकर रुकी। कार से उतरे दो अज्ञात बदमाशों ने सुशील के मुंह पर कपड़ा डालकर जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश की। इस दौरान सुशील ने विरोध करते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। धक्का-मुक्की में वह नीचे गिर गए लेकिन उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग सतर्क हो गए। लोगों को आता देख बदमाश मौके से फरार हो गए।

# नाबालिग के गर्भवती होने पर फूटा दुष्कर्म का भंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सदर थाना सफीदों इलाका गांव में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़िता के पेट मे दर्द होने पर जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो गर्भवती होने पर परिजनों को घटना के बारे में पता चला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना इलाका गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी दसवी कक्षा की छात्रा है। गत दिवस उसे पेट दर्द के चलते अस्पताल ले जाया गया। जहां पर बताया कि उसकी बेटी गर्भवती है। घर लौट कर जब पूछताछ की तो बताया कि गांव के ही दीपांशु से उसकी एक साल से दोस्ती है। गत 18 फरवरी को दीपांशु उसकी बेटी से मिला और 20 रात को मिलने के लिए कहा। मना करने पर आरोपित ने दोस्ती की बात सार्वजनिक करने की धमकी दी। जिसके बाद आरोपित उसकी बेटी को शमशान घाट के पीछे खेत में ले गया और उसके साथ दो बार दुष्कर्म किया।


पूंडरी। बजट के बारे जानकारी देते विधायक सतपाल जांबा। फोटो :हरिभूमि

### नगरपालिका बजट बैठक में दिखी गुटबाजी

पूंडरी। नगरपालिका की वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर हाउस मीटिंग में गुटबाजी खुलकर सामने आई। बैठक में विधायक सतपाल जांबा, चेयरपर्सन बबली गोस्वामी सहित 16 में से 15 पार्षद मौजूद रहे, जबकि वार्ड-15 की पार्षद रेणु निजी कारणों से अनुपस्थित रही। बैठक के दौरान पालिका सचिव ने प्रस्तावित बजट की जानकारी दी, जिसे विधायक सतपाल जांबा और चेयरपर्सन बबली गोस्वामी ने भी दोहराया। विधायक जांबा ने बताया कि पिछले वर्ष नपा का बजट ₹16.85 करोड़ था, जिसे इस बार बढ़ाकर ₹38.04 करोड़ किया है। कहा कि जल्द ही हाउस की अगली बैठक बुलाकर यह तय किया जाएगा कि किस वार्ड में किस कार्य के लिए कितना बजट खर्च किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। हालांकि बैठक के दौरान विधायक और चेयरपर्सन समर्थित पार्षदों के बीच मतभेद साफ नजर आए। बजट प्रस्तुति के बाद जैसे ही विधायक जांबा अपने समर्थक पार्षदों के साथ मीटिंग से बाहर निकले, उसी समय पालिका सचिव मोहनलाल व अन्य कर्मचारी भी उनके साथ बाहर चले गए। इस दौरान चेयरपर्सन बबली गोस्वामी लगभग 10 पार्षदों के साथ मीटिंग हॉल में ही बैठी रहीं, जिससे माहौल गर्म हो गया।

### कनाडा भेजने के नाम पर युवक से ₹14 लाख ठगे

कैथल। जिले के गांव हंसुमाजरा के एक युवक से कनाडा भेजने के नाम पर 14 लाख रुपये ठग लिए गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुहला थाना में जालंधर जिले के बूढीआमा गांव निवासी शैली और उसके पति सतनाम सिंह को नामजद किया है। हंसुमाजरा के राकेश ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई के साले राहुल को कनाडा भेजने के नाम पर आरोपियों ने 21 लाख रुपये में सौदा तय किया था। इसमें 13 लाख रुपये अग्रिम और 8 लाख रुपये कनाडा पहुंचने के बाद देने की बात कही गई। आरोपियों ने झांसा देकर अलग-अलग समय पर पैसे खाते में ट्रांसफर करवा लिए। शिकायत में बताया कि जून 2023 में फगवाड़ा बस अड्डा पर बुलाकर आरोपियों ने पासपोर्ट, फोटो, हस्ताक्षर शुदा खाली कागजात और करीब 3 लाख रुपये नकद भी ले लिए थे।


गुहला चीका। दमकल केंद्र में हड़ताल के तीसरे दिन धरने पर बैठे विभाग के कर्मचारी।

### अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

गुहला-चीका। हरियाणा अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों द्वारा घोषित दो दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल अब बढ़ाकर 10 और 11 अप्रैल तक कर दी गई है। हड़ताल के तीसरे दिन शुक्रवार को अग्निशमन विभाग ब्लॉक गुहला और सीवन के कर्मचारी दमकल केंद्र कार्यालय गुहला में धरने पर बैठे रहे। हड़ताल की अध्यक्षता नगर पालिका यूनियन ब्लॉक प्रधान पृथ्वीराम ने की, जबकि मंच का संचालन विजय सिंह ने किया। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक गुहला से जगबीर मान भी कर्मचारियों को समर्थन देने के लिए विशेष रूप से पहुंचे। प्रधान पृथ्वीराम ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हड़ताल का तीसरा दिन होने के बावजूद सरकार उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक फरीदाबाद की केमिकल फैक्ट्री में आग बुझाते समय शहीद हुए दमकल कर्मी भविचंद शर्मा और रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा, एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी नहीं दी जाती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। जरूरत पड़ने पर इसे अनिश्चितकालीन भी किया जा सकता है।इस मौके पर यूनियन के वरिष्ठ उपप्रधान चिंतो देवी, मलकीत सिंह, गुरदीप आदि मौजूद रहे।

## विधायक सतपाल जांबा ने किया पूंडरी में 2.63 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ

# हलके का समग्र विकास सर्वोच्च प्राथमिकताः जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते विधायक सतपाल जाम्बा ने शुक्रवार को विभिन्न गांवों में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इन विकास कार्यों पर करोड़ों की राशि व्यय की जा रही है, क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। कार्यक्रम की शुरुआत गांव जांबा से हुई, जहां ई-लाइब्रेरी के निर्माण पर 20 लाख व श्मशान घाट में वाटर टंकी, गेट एवं शेड 10.17 लाख का उद्घाटन/शिलान्यास किया गया। इसके उपरांत गांव मुन्नारेहड़ी 10.5 लाख व डीग में 10.5 लाख रुपये की लागत से पार्क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। गांव हजवाना में 5 लाख की लागत से कश्यप चौपाल, खेड़ी सिकंदर में 6.22 लाख रुपये की लागत से अंबेडकर भवन तथा जटहेड़ी में 6.52 लाख रुपये की लागत से गली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसी क्रम में पूंडरी-पिलनी रोड से काकौत सड़क 67.26 लाख रुपये तथा पिलनी से काकौत रोड के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण 112.95 लाख रुपये जैसे बड़े सड़क परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया, जो क्षेत्र के आवागमन को और अधिक सुगम बनाएंगे। गांव फतेहपुर में दक्ष चौपाल 5 लाख तथा व्यायामशाला पार्क में ग्रेनाइट कार्य एवं प्रोफेसर कॉलोनी में गली निर्माण कुल 9.18 लाख रुपये के कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश व प्रदेश को नई ऊंचाईयों पर ले जा रहे हैं। देश व प्रदेश में अनेक विकास कार्य के माध्यम से आमजन को काफी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। पात्र व्यक्तियों तक सरकार की अनके स्कीमों का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसी तर्ज पर पूंडरी हलके में भी अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।


पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा सड़क का शुभारंभ करते। फोटो :हरिभूमि

# गांव बीड वाली ढाणी में पशु चोर गिरोह ने किए ग्रामीणों पर फायर

- मकान से दो भैंस चोरी कर ले गए पुलिस ने किया पीछा, सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बीड वाली ढाणी में वीरवार रात पिकअप सवार पशु चोर गिरोह ने दो भैंसों को चोरी कर लिया। जब पशुपालक ने परिजनों के साथ पीछा किया तो पशु चोर गिरोह ने दो फायर भी किए। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच और पूरे इलाके नाकेबंदी कर सर्च अभियान चलाया लेकिन पशु चोर गिरोह का कोई सुराग नही लगा। पशु पालक की शिकायत पर सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बीड़ वाली ढाणी निवासी वीर सिंह अपने परिवार के साथ अंदर सोया हुआ था। मध्यरात्री के बाद मकान के अगले मे हिस्से में कुछ हलचल दिखाई दी। जहां पर उसकी भैस बंधी हुई थी। जब उसने उठ कर देखा तो दो भैस गायब थी। गली मे देखने पर पिकअप गाड़ी खड़ी दिखाई दी। जिसमें दो भैंस चढ़ा रखी थी। वीर सिंह द्वारा शोर मचाए जाने पर परिवार तथा आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पिकअप गाड़ी को घेरने की कोशिश की। पशुचोर गिरोह ने मौजूद असलहा से दो फायर किए और गाड़ी को भगा लिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और पशु चोरों का पीछा करना शुरू कर दिया।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अभियान के तहत थाना सदर सफीदों पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में चोरी कि मोटरसाइकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना सदर सफीदों के प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता गांव सिंघपुरा निवासी रामफल ने थाना सदर सफीदों में शिकायत दी कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर सिंघपुरा गुरुद्वारा में माथा टेकने गया था।

### दिल्लूवाला में कन्या के जन्म पर कुआं पूजन

**अलेवा।** गांव दिल्लूवाला में सोनू के घर में पहली बेटी पैदा होने पर कु आं पूजन करवाया गया। सोनू ने कहा कि उससे बहुत खुशी है कि उनके घर पत्नी पिंकी ने बेटी को जन्म दिया है। लड़की माता-पिता की सेवा लड़कों से बेहतर करती है। एएनएम बष्कर व नवीन ने बताया कि बेटी के पैदा होने पर गांव दिल्लूवाला में कुआं पूजन करके खुशी मनाई गई। वह काबिले तारिफ है। उन्होंने साबित कर दिया है कि आज लड़का-लड़की में कोई अंतर नहीं है। गांव लड़की पैदा होने पर खुशी मनाता है। ग्रामीण दूसरे गांव के लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

### नेशनल लेवल कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**उचाना।** 11 अप्रैल से तीन दिवसीय नेशनल लेवल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 40 फूटा स्थित बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी में होगा। यहां पर लड़के, लड़कियों की टीम पहुंचेंगे। प्रतियोगिता को लेकर होने वाले मैचों के लिए चार मैदान तैयार किए गए है। 21 राज्यों की 42 टीमें पहुंचेगी। प्रतियोगिता आयोजन कबड्डी फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा करवाया जा रहा है। अकादमी संचालक जयभगवान करसिंधु ने बताया कि एशियन कबड्डी लीग के सीओ दुष्यंत प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पहुंचेगे।

### एसडीएम ने किया कार्यक्रम का निरीक्षण

**जींद।** जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने शुक्रवार को पीएम श्री रा.गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुलाना में आयोजित डिजिटल मतगणना 2027 के तहत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से प्रशिक्षण की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिए कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा डिजिटल मतगणना प्रक्रिया को भलीभांति समझें। कहा कि डिजिटल माध्यम से मतगणना प्रणाली को अपनाने से कार्य में तेजी और सटीकता आएगी।

### बिजली निगम कर्मियों का धरना जारी

**उचाना।** ज्वाईट एक्शन कमेटी के आहवान पर बिजली निगम कर्मचारियों को धरना बिजली निगम कार्यालय में जारी है। निगम के कर्मचारियों ने धरना स्थल पर राजनीति दबाव के चलते की गई एसडीएम समेत तीन के तबादले का विरोध किया। अध्यक्षता जसबीर पूनिया ने की। संचालन कुलबीर द्वारा किया गया।

## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

# निपुण अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरतें अधिकारी

### एमआईएस पर ट्रांसफर करने संबंधी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय में जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीपीआईयु के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित निपुण अभियान सहित अन्य शैक्षिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करना तथा आगामी कार्ययोजना को प्रभावी बनाना रहा। बैठक को संबोधित करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने सभी सदस्यों, अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निपुण अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग, विद्यालय भ्रमण और फील्ड स्तर पर सतत सहयोग आवश्यक है। बैठक में जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने जिले में चल रही निपुण गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि कक्षा पहली से तीसरी के बच्चों की 15 फरवरी तक की उपस्थिति निपुण बोर्ड पर भरने का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। साथ ही सभी अधिकारियों द्वारा की


जींद। बैठक को संबोधित करते राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

गई एफ एल एन विजिट की जानकारी सांझा की गई और यह भी चर्चा हुई कि जिन विद्यालयों की 60 दिनों से अधिक समय से विजिट नहीं हुई है, उन विद्यालयों पर विशेष फोकस करते हुए शीघ्र विजिट सुनिश्चित की जाए। राजेश वशिष्ठ ने पिछले महीने की बैठक में लिए गए निर्णयों का रिव्यू भी प्रस्तुत किया। बैठक में लाडो लक्ष्मी योजना पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विद्यालयों में प्राप्त टीवी के इंस्टॉलेशन की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त मेगा पीटीएम को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मेगा पीटीएम लिंक न भरने वाले विद्यालयों की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया और अधिकारियों द्वारा पीटीएम विजिट को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में एफएलएस के पेपर, आंकलन से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही विद्यालयों में शुरूतलेख प्रतियोगिता आयोजित कराने, बच्चों के होलिस्टिक कार्ड की जानकारी अपडेट रखने तथा शैक्षिक प्रगति को नियमित रूप से ट्रैक करने पर भी सहमति बनी। छात्र संख्या बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर नामांकन अभियान चलाने, ड्रॉप आउट बच्चों का सर्वे करने व प्रवेश उत्सव को सफलतापूर्वक आयोजित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही सभी कक्षाओं के बच्चों को अगली कक्षा में एमआईएस पर ट्रांसफर करने संबंधी कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

#### प्रगति की नियमित समीक्षा

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने महत्वपूर्ण सुझाव देते कहा कि आगे से डीपीआईयु की बैठकें अलग-अलग विद्यालयों में आयोजित की जाएं ताकि जमीनी स्तर की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन हो सके। यह भी सुझाव दिया कि बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को भी बैठक में आमंत्रित किया जाए, जिससे उनके अनुभवों और अच्छे प्रयासों से अन्य विद्यालयों को प्रेरणा मिल सके। उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र, पुष्पा मोर तथा डीपीसी किरण बाला ने भी निपुण अभियान को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने निपुण मिशन को गति देने, प्रवेश उत्सव को सफल बनाने तथा स्कूल विजिट को और अधिक प्रभावशाली बनाने का आश्वासन दिया। डाइट की ओर से भी आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी निर्धारित बिंदुओं पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि जिले में निपुण अभियान और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सके।

# विभाग की टीम ने चार खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम लगातार खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर उनकी जांच करवा रही है ताकि लोगों को सुरक्षित और अच्छी गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ मिलें। वीरवार को विभाग की टीम ने चार खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। शहर के सबसे व्यस्त व खाद्य पदार्थों का हब कहे जाने वाले इंदिरा बाजार में वीरवार को विभाग की टीम पहुंची। यहां से तीन दुकानों



से विभाग की टीम गुड़, बेसन व सूजी के सैंपल लिए। इन सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेज दिया है। इसके बाद टीम ने अमरहेड़ी रोड की तरफ रुख किया। यहां पर काफी डेयरियां स्थित हैं। विभाग की टीम ने यहां से दूध का सैंपल लिया। विभाग समय.समय पर इस प्रकार दुकानों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजता है। यदि कोई सैंपल फेल आता है तो उस दुकानदार पर जुर्माना किया जाता है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश ने बताया कि गुड़, सूजी, बेसन व दूध के सैंपल लिए गए हैं। सभी को जांच के लिए भेजा गया है। विभाग की प्राथमिकता लोगों को उच्च गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ मिलते रहे हैं। इसको प्राथमिकता देना है। इसलिए समय-समय पर सैंपल लिए जाते हैं। जो सैंपल फेल आते हैंए उन दुकानदारों पर जुर्माना किया जाता है।


जींद। यज्ञ में आहुति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### वार्षिक स्थापना दिवस शुरू

**जींद।** आर्य शहर समाज में तीन दिवसीय वार्षिक स्थापना दिवस पर पहले दिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह हवन यज्ञ के ब्रह्मा सुरेश चंद्र शास्त्री ने संपन्न कराया। जिसमें में मुख्य यजमान अर्जुन आर्य, उनकी धर्मपत्नी कविता आर्या रहे। पुरोहित सुरेश चंद्र शास्त्री ने हवन करते सभी यजमानों को हवन करने की विधि समझाते विस्तार से बताया। समाज की मंत्री विनीता आर्या ने मंच का संचालन किया और सभी आर्यों, विद्वानों का स्वागत और सम्मान किया गया। समाज के प्रवक्ता डा. रणबीर राठी आर्य ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में उच्च कोटि के विद्वान शिव कुमार शास्त्री आए हुए हैं। उन्होंने अपने उपदेश में उन्होंने बताया कि आप को मनुष्य रूपी जो शरीर ईश्वर ने दिया है, इसे यूं ही व्यर्थ न गवाएं, ये बड़ी मुश्किल से बहुत पुण्य कर्मों के बाद मिलता है।

### एबीवीपी ने रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सीआरएस विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर सीमा गुप्ता के माध्यम से कुलगुरु प्रोफेसर रामपाल सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विभाग में पीएचडी प्रवेश में घोटाले के आरोप लगाते हुए डेढ़ वर्ष से लंबित जांच पर कड़ा रोष व्यक्त किया। एबीवीपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि शीघ्र ही इस मामले में पारदर्शी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन विश्वविद्यालय स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष सतविंद्र ढिल्लो ने बताया कि कहा कि प्रदेश में बिन पर्ची, बिन खर्ची के नाम पर सरकार शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बताने का दावा करती है लेकिन विश्वविद्यालय स्तर पर पीएचडी जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों में प्रवेश के दौरान जिस प्रकार की अनियमितताओं और सौदेबाजी की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### शिकायतों का करें स्थायी समाधान

**जींद।** एडीसी प्रदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि रीओपन और लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों को केवल निपटाने के बजाय उनकी जड़ तक पहुंच कर समाधान किया जाए। यह भी निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। उनकी एटीआर समय पर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। यदि कोई मामला मुख्यालय स्तर का हैए तो संबंधित उच्च अधिकारियों से समन्वय कर शीघ्र समाधान करवाया जाए। एडीसी शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहे थे। समीक्षा बैठक से पूर्व चंडीगढ़ मुख्यालय से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने वीसी से सभी जिलों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


जींद। अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एडीसी। फोटो :हरिभूमि


जींद। बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### जल्द शुरू होगी पीएनजी गैस कनेक्शन सुविधा

**जींद।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार आर्य ने बताया कि जिले में जल्द ही पाइप नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन की सुविधा शुरू की जाएगी। इस संबंध में शुक्रवार को उनके कार्यालय में एचपीसीएल के पीएनजी अधिकारी तेजपाल सिंह व सप्लाई इंचार्ज अमित के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें परियोजना की प्रगति और क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया कि कंपनी द्वारा जिले में पीएनजी पाइप लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। वर्तमान में विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। जैसे ही सभी स्वीकृति प्राप्त हो जाएंगी। जिले में चरणबद्ध तरीके से पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। परियोजना के प्रथम चरण में सफीदों क्षेत्र में लगभग दो हजार, जींद शहर में 1600 तथा नरवाना क्षेत्र में 700 घरों को पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे।

### डा. सैम्युअल हैनीमैन का जन्मदिवस मनाया

**जींद।** नागरिक अस्पताल की आयुष विभाग में शुक्रवार को विश्व होम्योपैथिक दिवस एवं डा. सैम्युअल हैनीमैन का जन्मदिवस मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि हरियाणा आयुष विभाग के अतिरिक्त निदेशक विजेंद्र हुड्डा ने शिरकत। इसके अलावा आयुष विभाग की डिप्टी डायरेक्टर सुषमा नैन भी मौजूद रही। विजेंद्र हुड्डा ने कहा कि होम्योपैथी ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिसका शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। यह बीमारी का जड़ से इलाज करती है। जिन लोगों को पुरानी बीमारियां हैं, उनका इलाज होम्योपैथी पद्धति द्वारा आसानी से किया जा सकता है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिला ने बताया कि आज पूरे विश्व में विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया जा रहा है। आयुष विभाग ने शुक्रवार को एक शिविर भी लगाया। इसमें 210 मरीजों की जांच की गई।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रतियोगिता में विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्रतियोगिता में तमन्ना रही प्रथम

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य सोसाइटी द्वारा ९आईटी एप्लीकेशन इन बिजनेस विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता प्राचार्य सत्यवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आईटी के व्यावसायिक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था। वाणिज्य सोसाइटी के संयोजक लेफ्टिनेंट पंकज के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में एमकॉम अंतिम वर्ष के कुल 18 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 24 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे। जिनके माध्यम से विद्यार्थियों के आईटी एवं व्यवसाय संबंधी ज्ञान का आंकलन किया गया। प्रतियोगिता में तमन्ना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि संजना ने द्वितीय तथा भावना तृतीय स्थान हासिल किया।


जींद। बैठक में भाग लेते भट्ठा एसोसिएशन के सदस्य।

### बाल श्रम करवाना दंडनीय अपराध

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को श्रम विभाग द्वारा भट्ठा एसो के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। लेबर इंस्पेक्टर सोनू एवं सुमित ने उपस्थित सदस्यों को विभिन्न श्रम कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेष रूप से बंधुआ मजदूरी एवं बाल श्रम पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी देते बताया कि यदि कोई भी इन कृत्यों में संलिप्त पाया जाता है तो उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त बैठक में सभी ईंट, भट्ठा पर श्रम कानूनों के तहत आवश्यक अभिलेख संधारण, श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, पक्के आवास तथा शौचालय की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विस्तार से बात की। श्रम विभाग द्वारा भट्ठा एसो जींद के प्रधान प्रवीण ढिल्लो को कहा गया कि उपरोक्त सभी प्रावधानों को प्रत्येक भट्ठा पर सख्ती से लागू किया जाए।

# मलेरिया के खिलाफ जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पीएचसी नगूरां की टीम ने मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार नगूरां, चांदपुर, दिल्लूवाला व दालमवाला गांव में एंटी लारवा एक्टिवीटी अभियान चलाया तथा लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों ने बारिश में बढता है। मलेरिया का प्रभाव, साफ-सफाई करके करें इससे बचाव नामक स्लोगनों से जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि मलेरिया मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से होना वाला एक गंभीर संक्रमण है। जिससे मुख्य लक्षण कंपकंपी के साथ तेज बुखार, अत्यधिक पसीना


नगूरां गांव में होदी के पानी में लारवा की जांच करती वास्थ्य विभाग की टीम।

आना, सिर दर्द, उल्टी, कमजोरी और थकान है। लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए घर के आसपास गंदगी और पानी इक्कठा न होने दें। घरों की खिड़कियों पर जाली लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। सप्ताह में संडे को ड्राई डे के रूप में मनाते हुए होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे और छतों पर पड़े कबाड़ की सफाई करें। बुखार होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त पटिकाएं बनाएं। रात के सोते समय पूरी बाजू के कपड़े और मच्छर नाशक क्रीम का प्रयोग करें। स्वास्थ्य कर्मचारी कुलदीप सिंह, पुरूषोत्तम, अनिल, नरेंद्र कुमार तथा संतोष, मंजू, सुनिता, राजेश, रोशनी, बाला आदि मौजूद रहे।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे और अभिभावक।

### डीएवी स्कूल में उपनयन संस्कार यज्ञ

**जींद।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नए सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए उपासना संस्कार यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ का संचालन विद्यालय के प्राचार्य डा. नीरज कुमार द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और गायत्री मंत्र के साथ हुई। यजमान के रूप में बलजीत तथा सुरेश एवं उनकी धर्मपत्नी सुनैना विराजमान हुए।यज्ञ के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति और डीएवी परंपराओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सभी नए छात्रों ने आहुतियां देकर शिक्षा, सद्बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उपासना संस्कार डीएवी की मूल परंपरा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का विकास करना है।

## पूर्वोत्तर राज्यों से आई छात्राओं ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# लोक नृत्य और मार्शल आर्ट से मोहा दर्शकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा की जींद इकाई द्वारा अग्रवाल धर्मशाला अर्बन स्टेट में परिवार मिलन एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर राज्यों नागालेंड, मणिपुर, त्रिपूरा, मिजोरम इत्यादि प्रदेशों से आई छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकनृत्य और मार्शल आर्ट के अनूठे व अदभूत कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में डा. मीनाक्षी जैन ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर


जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती पूर्वोत्तर राज्यों की छात्राएं।

पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, रितू सिंघल, विनीता गुप्ता, डा. मीना शर्मा उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सुरेंद्र कुमारी चिल्लाना के सानिध्य में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर महाराष्ट्र के सुरेश राव कुलकर्णी ने की। कार्यक्रम के प्रभारी महावीर मलिक और राजेश बंसल रहे। सफल मंच संचालन समाजसेवी बीएस गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक व जींद इकाई के प्रधान सतीश गुप्ता, मनीष कुमार, रविंद्र ढांडा, संजीव जिंदल, महेश सिंघल, राजेश शर्मा, ईश्वर दंत कौशिक, इंदू गुप्ता, नीरू गुप्ता इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में रुद्रपुर छात्रावास से आई पूर्वोत्तर राज्यों के छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने अपने अपने प्रदेश के लोक नृत्य एवं देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान इन छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति को भी समझा तथा अपने अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सुरेश राव कुलकर्णी ने वनवासी कल्याण आश्रम की 1952 से आरंभ हुई यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था द्वारा साढ़े बारह करोड़ वनवासी बंधुओं के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा, चिकित्सा, कृषि विकास, आर्थिक विकास, श्रद्धा जागरण एवं खेलकूद सहित पूरे देश में लगभग 23 हजार सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। जिनसे करीबन ढाई करोड़ वनवासी लाभांवित हो रहे हैं।

#### दो लाख जनजातीय बंधु भाग लेंगे

उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से वनवासी समाज मुख्यधारा से जुड़ कर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूत कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा 24 मई 2026 को दिल्ली के लाल किला मैदान में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें देशभर से लगभग दो लाख जनजातीय बंधु भाग लेंगे। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने बताया कि हरियाणा में भी बनवासी कल्याण आश्रम द्वारा भी दो छात्रावास चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर राज्यों से आई छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान सतीश गुप्ता द्वारा आए हुए सभी अतिथियों व प्रबुद्धजनों का धन्यवाद किया।

# पात्र लाभार्थियों को प्लॉट आवंटन के लिए ड्रा ऑफ लॉट्स 13 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि हाउसिंग फॉर ऑल विभाग हरियाणा महानिदेशक के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 चरण 3 के अंतर्गत 13 अप्रैल को पात्र लाभार्थियों को प्लॉट आवंटन के लिए ड्रा ऑफ लॉट्स का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम रा.महिला महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित होगा। इस दौरान विभाग द्वारा प्रेषित 330 पात्र लाभार्थियों की सूची में से ड्रा के माध्यम से प्लाटों का आवंटन किया जाएगा। सीईओ ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार इस प्रक्रिया के संचालन के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) आईटी टीम (एचएसवीपी) तथा डीएचएफए प्रतिनिधि को समिति सदस्य के रूप में नामित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन को ध्यान में रखते विभिन्न विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी संबंधित बीडीपीओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे सूचीबद्ध लाभार्थियों को समय पर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा उनके आवागमन की समुचित व्यवस्था अपने स्तर पर करें। इसके अतिरिक्त संबंधित अधिकारियों को राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम स्थल पर साफ.-सफाई बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### जनभागीदारी से बदल रही आहूं की तस्वीर



ढांड। ग्राम पंचायत आहूं में विकास कार्यों को लेकर सरपंच धीर सिंह की सक्रियता से गांव की तस्वीर धीरे-धीरे बदलती नजर आ रही है। पंचायत द्वारा जनभागीदारी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरपंच धीर सिंह ने बताया कि गांव में साफ-सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नियमित अभियान चलाया जा रहा है, वहीं गलियों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य भी तेजी से करवाए जा रहे हैं।

### नर्सरी शुरू करने की मांग उठाई

**कैथल।** जिम्नास्टिक नर्सरी शुरू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को खिलाडियों ने जिला खेल अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से दर्जनों खिलाडियों ने कहा कि वे इन्डोस्टेडियम मे पिछले एक साल से जिम्नास्टिक गेम की तैयारी कर रहे थे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थी अपने खेल प्रतिभा के दम पर स्टेट लेवल पर खेल कर आये है। इसके बाद वे उपायुक्त अपराजिता कैथल से मिले लेकिन वहां पर कोई सुनवाई नही हो रही। तैयारी मे लगभग 50 बच्चे लगे हुए हैं। खिलाडी सागर, अमन, लवली, मनीष, मनप्रीत, भारत, राहुल, महावीर, गुरप्रीत, अरमान, हरविंद्र सिंह, वैभव आदि ने उपायुक्त तथा जिला खेल अधिकारी से नर्सरी पुनः चलाने की मांग की है।

### गाड़ी की चपेट में आने से युवक घायल

**कैथल।** कैथल के गांव सांघन के निकट गाड़ी की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सांघन के पिंटू सिंह ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 7 अप्रैल को जब उसका भाई रविंद्र सुबह करीब 9:00 बजे गांव से जा रहा था तो एक अज्ञात कार चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसके भाई को घायल कर दिया। बाद में आरोपी कर चालक मौके से फरार हो गया।

### राजौंद अनाज मंडी में गेहूं की आवक लगातार बढ़ती जा रही, कई-कई घंटे भटक रहे किसान

# नए पोर्टल की तकनीकी खामियों से काम प्रभावित



राजौंद। खरीद प्रक्रिया में देरी के चलते अनाज मंडी में पडी गेहूं। *फोटो : हरिभूमि*

### सरकार की नीतियां किसानों के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

अनाज मंडी राजौंद में इन दिनों गेहूं की आवक लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके साथ ही किसानों की परेशानियां कम होने की बजाय बढ़ती नजर आ रही हैं। मंडी में व्यवस्थाओं की कमी और गेट पास बनाने में देरी के चलते किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सरपंच एवं किसान पवन राणा ने बताया कि वह सुबह से अपनी गेहूं की फसल लेकर मंडी में पहुंचे हुए हैं, लेकिन देर शाम तक भी उनका गेट पास नहीं बन पाया। उन्होंने कहा कि हालांकि मार्केट कमेटी द्वारा गेट पास बनाने के लिए कर्मचारी लगाए गए हैं लेकिन इसके बावजूद प्रक्रिया बेहद धीमी है।

उन्होंने बताया कि किसान पहले ही खेतों में फसल को संभालने में भारी मशक्कत करता है, और मंडी में आने के बाद उसे दर-दर भटकना पड़ता है। कई-कई घंटे तक किसान कर्मचारियों के पीछे चक्कर लगाते रहते हैं, जिसके बाद बड़ी मुश्किल से समस्या का समाधान हो पाता है। पवन राणा ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह की व्यवस्था से किसानों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां किसानों के हित में नहीं दिख रही हैं, जिससे किसान खेती छोड़ने तक के लिए मजबूर हो सकते हैं।

वहीं, मार्केट कमेटी के कर्मचारियों ने बताया कि मंडी के कार्यों के लिए सरकार द्वारा एक नया पोर्टल शुरू किया गया है, लेकिन उसमें तकनीकी खामियां होने के कारण काम सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है। इसी वजह से गेट पास बनाने और अन्य प्रक्रियाओं में देरी हो रही है। मंडी में गेहूं की आवक के आंकड़ों की बात करें तो राजौंद मंडी में अब तक 1,04,438 क्विंटल, किठाना मंडी में 1,02,025 क्विंटल, जाखोली मंडी में 26,023 क्विंटल तथा सेहरधा मंडी में 23,782 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है।

वेयरहाउस निरीक्षक दीपक के अनुसार राजौंद मंडी में अब तक करीब 35,000 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जबकि कई स्थानों पर अभी तक उठान (लिफ्टिंग) का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इस कारण मंडियों में गेहूं के ढेर लगते जा रहे हैं और किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है।

### किसानों ने बैठक कर सरकार के खिलाफ उठाई आवाज, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



पूंडरी। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते प्रमुख किसान नेता भूराराम पबनावा साथ में अन्य किसान। फोटो : हरिभूमि

**पूंडरी।** भारतीय संयुक्त मोर्चा की बैठक किसान भवन पूंडरी में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सतपाल दिलोवाली ने की, जबकि प्रदेश महासचिव भूराराम पबनावा, राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबड़ी, युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य ढांड और कार्यकारी अध्यक्ष बलवान पाई विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और तहसीलदार अंशुल अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सभी मंडियों व सेंटरों को तुरंत चालू किया जाए तथा 10 अप्रैल से फसल खरीद शुरू की जाए। साथ ही मंडियों में बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाने की मांग उठाई गई। प्रमुख किसान नेता भूराराम पबनावा ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने की पूरी आजादी मिलनी चाहिए, चाहे वे मंडी में बेचें या साइलो में। सरकार द्वारा लागू किए गए किसान विरोधी नियमों जैसे बायोमेट्रिक प्रक्रिया, ट्रैक्टर नंबर प्लेट से जुड़े नियम आदि को तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि बेमौसमी बारिश के कारण किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है, इसलिए गिरदावरी कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा मंडियों के गेट पर कंप्यूटर धर्मकांटा लगाने की भी मांग रखी गई। उन्होंने कहा कि इन सभी मांगों को तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाए और जल्द से जल्द किसानों के हित में निर्णय लिया जाए, ताकि किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम मिल सकें और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इस मौके पर सुभाष पिलनी, सेरा पाई, राजा राम पाई, बलवान पाई, बलवान कौल, हरपाल संगरौली, प्रेम खेड़ी सिकंदर, राज कुमार शर्मा पीलनी, धर्मा राम पूंडरी, प्रेम बरसाना, लाना सिड मुंदड़ी, भगत खेड़ी सिकंदर, जय सिंह पबनावा, बलवीर पबनावा, कृष्ण, गुरमीत, दिलबाग खेड़ी व पालाराम संगरोली आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने चीका अनाज मंडी का किया निरीक्षण



**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने चीका अनाज मंडी में स्थित मार्किट कमेटी कार्यालय में आढ़तियों तथा खरीद एजेंसियों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित खरीद एजेंसियों से गेहूं खरीद के दौरान आने वाली समस्याओं को जाना। आढ़तियों तथा खरीद एजेंसियों ने एसडीएम को बताया कि उनके द्वारा गेहूं की खरीद समुचित तरीके से की जा रही है। लेकिन उनको बारदाना समय पर उपलब्ध नहीं हो रहा है। इस कारण उनकों गेहूं के उठान में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने संबंधित आढ़तियों व खरीद एजेंसियों की समस्याओं को सुनने उपरांत हैफेड एजेंसी को निर्देश दिए कि वे बारदाना समय तथा समुचित तरीके से वितरित करें। आढ़तियों व खरीद एजेंसियों को बारदाना से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सचिव मार्किट कमेटी को निर्देश देते हुए कहा कि वे बारदाना वितरित करने के कार्य पर कड़ी निगरानी करें। आढ़तियों तथा खरीद एजेंसियों की हर समस्या को सुन दूर करने का कार्य करें। अधिकारी आढ़तियों तथा खरीद एजेंसियों के साथ आपसी तालमेल बनाकर खरीद कार्य को सुचारू रखें। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके बाद एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने चीका अनाज मंडी तथा कैथल-पटियाला रोड़ पर स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा किया।

## देर से मातृत्व की प्लानिंग पड़ सकती है भारी: डॉ. अमन

▪ गर्भधारण के दौरान स्वास्थ्य का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारत में हर साल 11 अप्रैल को 'राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस' मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रसव के दौरान होने वाली मौतों को कम करना है। आधुनिक जीवनशैली और करिअर की प्राथमिकताओं के कारण आज कई महिलाएं 30 या 35 साल की उम्र के बाद गर्भधारण का फैसला ले रही हैं;लेकिन इस उम्र में मां बनना पूर्ण रूप से सुरक्षित नहीं है। यह जानकारी अमन अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अमन चहल ने आज सुरक्षित मातृत्व दिवस की पूर्व संध्या पर दी।

बढ़ती उम्र में गर्भधारण के दौरान संभावित जोखिमों की

**महिलाओं की प्रजनन क्षमता 20 से 30 वर्ष के बीच सबसे अधिक**

उम्र और फर्टिलिटी के बीच के संबंध के बारे में उन्होंने बताया कि बायोलॉजिकल रूप से महिलाओं की प्रजनन क्षमता 20 से 30 वर्ष के बीच सबसे अधिक होती है।जन्म के समय एक महिला के अंडाशय में करीब 10 से 20 लाख अंडे होते हैं, जो उम्र के साथ कम होते जाते हैं। 30 की उम्र के बाद अंडों की संख्या और गुणवत्ता घटने लगती है और 35 के बाद यह गिरावट काफी तेज हो जाती है, जिससे स्वाभाविक रूप से गर्भधारण करने में बाधा आती है।



जानकारी देते हुए डॉ. अमन चहल ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा दिए जाते हैं, जिनका पालन किया जाना चाहिए। 35 वर्ष की आयु के बाद मां बनने में कुछ चिकित्सकीय चुनौतियां सामने आ सकती है। इनमें जेनेटिक समस्याएं मुख्य रूप से शामिल हैं। इसके तहत भ्रूण में डाउन सिंड्रोम जैसी गुण-सूत्रीय विसंगतियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा गर्भावस्था की बीमारियां, उच्च रक्तचाप, जेस्टेशनल डायबिटीज (गर्भावस्था के दौरान शुगर) और प्री-एक्लेम्पसिया का जोखिम अधिक होता है। यदि कोई महिला 35 वर्ष की आयु के बाद गर्भ धारण करने की योजना बना रही है, तो कई बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इसमें मुख्य है,प्री-कंसेप्शन जांच। इसके अंतर्गत गर्भधारण से पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशियन से मिलें और थायराइड, शुगर और रक्तचाप की जांच कराएं।डॉक्टर की सलाह पर फोलिक एसिड सप्लीमेंट शुरू करें, जो बच्चे के दिमागी विकास के लिए जरूरी है।

डा. चहल ने बताया कि संतुलित आहार लें, जंक एवं फास्ट फूड से दूरी बनाएं और योग या हल्की एक्सरसाइज को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। बढ़ती उम्र में सिजेरियन की संभावना की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इस उम्र में नॉर्मल डिलीवरी के बजाय सी-सेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। बुरी आदतें शराब, धूम्रपान और अत्यधिक कैफीन को छोड़ दें क्योंकि ये फर्टिलिटी को नुकसान पहुंचाते हैं।

### वीर वारियर्स को हराकर मस्त कलंदरों ने जीता कलाकार क्रिकेट लीग का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पहले ही मैच से अपराजेय चल रही मस्त कलंदरों की टीम ने कलाकार क्रिकेट लीग सीजन-2 का खिताब जीत लिया। शहर की एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी में हुए अंतिम मुकाबले में मनजीत पांचाल की कप्तानी वाली इस टीम ने वीर वारियर्स को 74 रन से हरा कर ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। टॉस जीत कर वीर वारियर्स की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उनका यह निर्णय सही साबित नहीं हुआ। मस्त कलंदर टीम के बल्लेबाजों ने विपक्षी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। टीम ने कुल 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 167 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। विशु पुठी ने 45 गेंदों पर नाबाद 64 रन की आतिशी पारी खेलते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। बिंटू पाबड़ा ने 28 गेंदों में 27 रन बनाए। योगी अंजाना ने 14 गेंदों में 16 और जीत घणघस ने नौ गेंदों में 13 रन बनाकर विशु पुठी का साथ दिया।

कप्तान मनजीत पांचाल आखिरी गेंद पर बल्लेबाजी करने उतरे। वीर वारियर्स की ओर से यूके हरियाणवी ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। नीरज खटाना और राहुल पबाना को एक-एक विकेट मिला। मस्त कलंदर टीम के 167 रन के स्कोर का मुकाबला करने उतरी वीर वारियर्स टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज कप्तान यूके हरियाणवी और योगेश दहिया बिना खाता खोले पहली सात गेंदों में ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए केपी कुंडू ने वीर वॉरियर्स की लड़खड़ाती पारी को संभाला। उन्होंने 42 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

**जींद।** नाबालिग से अपहरण व दुष्कर्म मामले में दोषी को अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने 20 वर्ष का कठोर कारावास व एक लाख 20 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर नरवाना में मई 2024 को एक महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी घर से लापता है, जिसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर आरोपित के विरुद्ध अपहरण व यौन अपराध से संबंधित धाराएं जोड़ी गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां पुलिस ने ठोस साक्ष्य व गवाह पेश किए गए। जींद पुलिस की प्रभावी जांच वा ठोस साक्ष्यों के आधार पर तथा डीडीए योगेंद्र राठी की प्रभावी पैरवी में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट सिफा की अदालत ने सोनीपत कुंडली निवासी कर्ण को दोषी करार देते 20 वर्ष का कारवास व जुर्माना लगाया है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा 14 अप्रैल को बैसाखी उत्सव

**कैथल।** 14 अप्रैल को जिले में बैसाखी उत्सव हर्षोल्लास एवं बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा कैथल के हिंदू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर डीसी अपराजिता ने एडीसी डा. सुशील कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। एडीसी डा. सुशील कुमार ने शुक्रवार सुबह अपने कार्यालय में इस संबंध में अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी डा. सुशील कुमार ने कहा कि बैसाखी का उत्सव महत्वपूर्ण उत्सव होता है। सरकार द्वारा इस बार जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही बैसाखी संबंधी अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने अवसर भी मिलेगा व उनमें आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक जागरूकता का विकास होगा।

### व्याख्यान विद्यार्थियों के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा पश्चिम एशिया संकटः भारत के लिए निहितार्थ विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो आरएस यादव, भूतपूर्व कुलपति, बीएमयू रोहतक मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गगन मित्तल ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए पश्चिम एशिया संकट की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और कहा कि इस प्रकार के विषय विद्यार्थियों को समसामयिक वैश्विक मुद्दों से जोड़ते हैं। उन्होंने इस प्रकार के व्याख्यानों को विद्यार्थियों के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में पश्चिम एशिया की परिस्थितियाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों में अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों की सराहना की। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओम ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट आज के समय का एक अत्यंत जटिल और बहुआयामी विषय है।

### वीणा का स्वर- कक्षा 4-5 के लिए नई हिंदी पाठ्यपुस्तक में लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



एनसीईआरटी ने कक्षा 4 एवं 5 में वीणा पाठ्यपुस्तक लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अब हरियाणा राज्य के कक्षा 4 एवं 5 में पढ़ने वाले विद्यार्थी वीणा पाठ्यपुस्तक के माध्यम से खेल-खेल में हिंदी भाषा को सीख पाएंगे। खेल-आधारित गतिविधियों से सजेगी हिंदी शिक्षा, 'वीणा'पाठ्यपुस्तक अब पूरे प्रांत में लागू की गई है। उन्होंने वीणा पाठ्यपुस्तक की विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसमें विषयवस्तु को सरल, रोचक एवं छात्र-केंद्रित तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिससे विद्यार्थियों में सीखने के प्रति रुचि विकसित हो सके।

आरोही स्कूल ग्योंग जिला कैथल के हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला ने जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार से भेंट कर एनसीईआरटी,नई दिल्ली की "वीणा"हिंदी पाठ्यपुस्तक के निर्माण एवं विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। इस अवसर पर डॉ. चावला ने बताया कि हरियाणा से वे एकमात्र सदस्य थे, जिन्होंने पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति में सक्रिय योगदान दिया। उन्होंने बताया कि "वीणा" पुस्तक में उनके द्वारा तैयार की गई नवाचारी खेल-आधारित गतिविधियों को भी शामिल किया गया है, जो विद्यार्थियों के सीखने को रोचक और प्रभावी बनाती हैं।

### नगर पालिका ने व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया

**कलायत।** कलायत शहर में लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर पालिका ने व्यापक सफाई अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत मुख्य नालों के साथ-साथ लिंक नालों की भी सफाई की जा रही है। ताकि बरसात के दौरान पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और सडकों पर जलभराव की स्थिति न बने। सफाई निरीक्षक सोम प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका सचिव पवन कुमार के निर्देश पर यह अभियान तेज किया गया है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नालों में जमी गंदगी, प्लास्टिक और अन्य कचरे को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जहां-जहां नाले जाम पाए गए हैं वहां विशेष रूप से सफाई कर उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। शहर के लोगों ने सफाई की दिशा में इस कदम को जरूरी बताया है। उनका कहना है कि लंबे समय से नालों की सफाई न होने के कारण जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। जिससे आवागमन में परेशानी होती है। बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता था। अब नगर पालिका के इस कदम से उन्हें राहत मिलने की उम्मीद है।

**कार्यक्रम** ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के प्रांगण में भव्य समारोह का आयोजन किया

# सीजेएम से मिले पूर्व सैनिक, सौंपा धन्यवाद पत्र

▪ अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह ने सरकार की तरफ से सैनिकों को दिए जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** चीफ जूडिशियल मजिस्ट्रेट कंवल कुमार को ज्ञापन सौंपते पूर्व सैनिक। फोटो : हरिभूमि

ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के प्रांगण में अर्धसैनिक बलों एवं उनके परिवारों के द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि कवंल कुमार चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट -कम-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल और विशिष्ट अतिथि डॉ बिक्रम जीत सिंह शाह, शाह हॉस्पिटल कैथल रहे। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि सैकड़ो की संख्या में उपस्थित पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों व मातृशक्ति ने प्रधान जी द्वारा माननीय मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के लिए के धन्यवाद प्रस्ताव समारोह के बीच रखा तो तालियों घड़ गड़गड़हाट व भारत माता की जय के नारों के बीच धन्यवाद प्रस्ताव पास किया। तत्पश्चात प्रस्ताव की कॉपी मुख्य अतिथि को सौंपी गई। साथ ही एक मांग पत्र भी दिया गया, जिसमें की सैनिक के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं। इस पर पूर्व सैनिक फौजी कर्मवीर ने देशभक्ति गीत, सुबेदार मोतीलाल ने भी गीत गाया, कैप्टन सज्जन सिंह एवं प्रधान ने एसोसिएशन की गतिविधियों बारे जानकारी पेश की। मुख्य अतिथि ने भी सैनिकों की प्रशंसा करते कहा कि आप हमारे लिए सीमाओं की डटकर लड़ाई लड़ो, हम यहां पर आपके लिए अपना दायित्व निभाते हुए आप कानूनी लड़ाई लड़ेंगे,जब भी किसी भी सैनिक परिवार को कानूनी सहायता के जरुरत पड़े आप हमारे पास कभी भी किसी समय आ सकतें हैं। अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह ने सरकार द्वारा सैनिकों को दिए जाने वाली सहायताओं बारे भी जानकारी दी गई। इसी के साथ स्पर्श पेंशन शिविर में कैप्टन रामकुमार की टीम ने 65 कैशो का समाधान किया। शाह अस्पताल ने भी 104 निशुल्क पूर्व सैनिकों की जांच कर के उन्हें दवाई भी दी। पूरे कार्यक्रम में भारत माता की जय और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच संपन्न हुआ। ओआईसी ग्रुप कैप्टन स्वरूप सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दी।

**ये रहे मौजूद**

मुख्य तौर पर संस्थापक कैप्टन नर सिंह दूल ,एयर फोर्स प्रधान एच एफ ओ भीम सिंह गिल, एच एफ ओ महेंद्र सिंह राणा,चीफ पेटी ऑफिसर राजबीर भाणा, बीएसएफ इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ,कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा, सूबेदार मेजर रामपाल चहल, हवलदार जीत सिंह, पुण्डरी प्रधान रिशालदार गोपीचंद करोड़ा, ढाण्ड प्रधान उदयभान शर्मा, हवलदार अभे सिंह, हवलदार मांगे राम शर्मा, सुबेदार विजय शर्मा आदि सैकड़ो पूर्व सैनिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# एमडीएन ग्लोबल स्कूल में हवन कर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल में हवन में आहुति डालते स्टाफ सदस्य।

.एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। इसमें विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार चेयरपर्सन निधि कंसल प्रबंधक गौरव गर्ग प्राचार्य डॉ. संत कौशिक सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

इसके उपरांत दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एक्सप्रेशन 2026 ए स्टेज फॉर ऑल नामक प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गायन नृत्य वाद.विवाद भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों का उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने योग्य था।

प्रबंधक गौरव गर्ग एवं प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया तथा आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एमडीएन ग्लोबल स्कूल शिक्षा स्वास्थ्य एवं संस्कृति के मूल्यों को अपनाकर विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है।

## खबर संक्षेप

### अभय सिंह चौटाला 12 को आएंगे जींद मंडी

**उचाना।** इनेलो राष्ट्रीयध्यक्ष अभय चौटाला मंडियों के दौरे कर किसान, आढ़तियों से रूबरू होंगे। 12 अप्रैल को कैथल से इसकी शुरूआत होगी। जींद मंडी भी वो आएंगे। इनेलो नेता सुरेंद्र मोर ने बताया कि 14 को भिवानी, हांसी, 15 को हिसार, फतेहबाद, सिरसा मंडियों में जाएंगे। मंडियों के जाकर किसानों, आढ़तियों को आने वाली समस्याओं को जानेंगे। जो नए गेहूं की खरीद के नियम भाजपा ने बनाए है उससे किसान, आढ़ती परेशान है।

### चाणक्य स्कूल में रक्तदान शिविर आज

**उचाना।** भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि चतरभुज अत्री की पुण्य तिथि पर 11 अप्रैल को चाणक्य स्कूल कसूहन में होने वाले रक्तदान शिविर में हलके के साथ-साथ पूरे जिले भर से रक्तदान करने के लिए पहुंचेंगे। कई सालों से विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री अपने पिता की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित कर रहे है। अपने जीवन काल के दौरान स्व. चतरभुज अत्री जरूरतमंदों का सहारा बने जिसको लेकर आज भी उनकी लोगों में चर्चा होती है।

### मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में तीन घायल

**कैथल।** जिले के गांव कौल में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव कौल के राजकुमार ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 मार्च को गांव के ही राजेश कुमार, रामेश्वर और सुबे राम ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### 18 व 19 को होगी टेपबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

**सीवन।** प्रथम राज्य स्तरीय टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक समाजसेवी अभिषेक मेहता के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कैथल टेपबाल संघ के प्रधान डॉ. गुरप्रीत सिंह साघण ने की। बैठक के दौरान डॉ. गुरप्रीत सिंह साघण ने बताया कि पहली राज्य स्तरीय टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 18 व 19 अप्रैल को दशहरा ग्राउंड, सीवन में किया जाएगा।

### भाजपा नेता विशाल ट्रैक्टर लेकर पहुंचे फसल बेचने

**उचाना।** युवा भाजपा नेता विशाल अत्री गेहूं खरीद के नियमों का जायजा लेने के लिए अपनी गेहूं की फसल को बेचने के लिए ट्रैक्टर चला कर घोघडिय़ा गांव के परचेज सेंटर पर पहुंचे। विशाल अत्री ने कहा कि दो से तीन मिनट जो नए नियम बनाए गए है उनमें लगे है। विपक्ष जानबूझ कर किसानों को गुमराह कर रहा है। नए नियमों से किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है। मंडी में आते ही कुछ मिनटों में किसान गेहूं उतार कर वापिस खेत पहुंच जाता है।

### अनैतिक कार्य करवाने में महिला गिरफ्तार

**कैथल।** गुहला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए खुशहाल माजरा रोड स्थित एक मकान में चल रहे देह व्यापार के अड्डे का भंडाफोड़ किया है। थाना गुहला प्रबंधक पीएसआई शनेष कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि डेरा भाग सिंह क्षेत्र में एक मकान में बाहर से महिलाओं को बुलाकर अनैतिक कार्य करवाया जा रहा है।

### जागरूकता रैली में 500 खिलाड़ियों ने लिया भाग


**गुहला-चीका।** हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का आयोजन खेल विभाग कैथल के सहयोग से किया गया, जिसमें क्षेत्र के लगभग 500 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

### कृषि मंत्री ने जींद, जुलाना तथा उचाना अनाज मंडियों का किया दौरा

# मंडियों में गेहूं की खरीद, उठान और भुगतान प्रक्रिया हो सुनिश्चित : राणा

**प्रदेश सरकार खरीदेगी फसल का एक-एक दाना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। फसल खरीद का जायजा लेते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान करती है और किसी भी किसान की मेहनत खराब नहीं होने दी जाएगी। सरकार द्वारा किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं खरीद प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और सुचारू रूप से संचालित किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़े। कृषि मंत्री शुक्रवार को जुलाना, जींद तथा उचाना की अनाज मंडियों का दौरा कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा जे रहे थे। इस दौरान उन्होंने किसानों एवं आढ़तियों से सीधी बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कई समस्याओं का समाधान भी करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में गेहूं की खरीदए उठान और भुगतान की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए। साथ ही बारिश या मौसम में बदलाव को देखते हुए फसलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त तिरपाल और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं निरंतर ठीक रहनी चाहिए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### फसल मंडी में लाने की व्यवस्था

किसान अपनी फसल को ट्रैक्टर.ट्रॉली के अतिरिक्त अन्य पारंपरिक साधनों जैसे बैलगाड़ी आदि के माध्यम से भी मंडी में ला सकते हैं। यदि ट्रैक्टर, ट्रॉली पर नंबर प्लेट उपलब्ध नहीं है तो किसान ट्रैक्टर पर पेंट द्वारा ट्रैक्टर का नंबर लिखकर अथवा कागज पेपर स्टीकर पर पंजीकरण संख्या अंकित कर मंडी में फसल ला सकता है।

#### गेट पास काटने की सुविधा

किसानों को गेट पास काटने के लिए प्रतीक्षा न करनी पड़े, इसके लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कच्चे कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत किसान 24 घंटे अपनी फसल विक्रय हेतु मंडी में ला सकते हैं।

#### मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण

मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण किसान स्वयंए भूमि का मालिक अथवा वह व्यक्ति जो भूमि को पट्टे पर लेकर खेती कर रहा हो, तीनों में से कोई भी कर सकता है। किसान, भूमि मालिक अथवा पट्टेदार किसान अपने नामित व्यक्तियों को भी पोर्टल पर पंजीकृत कर सकता है।

#### बायोमेट्रिक सत्यापन

किसान स्वयं अथवा उसके द्वारा नामित अधिकतम तीन व्यक्ति ही रबी फसल विक्रय हेतु मंडी में ला सकेंगे। किसान अथवा नामित व्यक्तियों का सत्यापन फिंगर स्कैनिंग बायोमेट्रिक उपकरण के माध्यम से किया जाएगा। यदि फिंगर स्कैनिंग से सत्यापन संभव नहीं हो पाता हैए तो आंख स्कैनिंग बायोमेट्रिक उपकरण द्वारा भी सत्यापन किया जा सकेगा। यह बायोमेट्रिक प्रक्रिया मंडी गेट पर नहींए बल्कि ढेरी की खरीद के समय की जाएगी।

#### ओटीपी से सत्यापन

बायोमेट्रिक सत्यापन में तकनीकी कारणों से व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में किसान अथवा उसके नामित व्यक्तियों का सत्यापन ओटीपी माध्यम से किया जाएगा। ओटीपी सत्यापन की अनुमति देने का निर्णय समिति द्वारा लिया जाएगा।

#### गेट पास व उठान प्रक्रिया

खरीद एजेंसी का निरीक्षक आउट गेट पास जारी करेगा।गेट पास उठान करने वाले ट्रांसपोर्टर के लॉगिन में दिखाई देगा। ट्रांसपोर्टर द्वारा स्वीकार किए जाने के उपरांत मंडी सचिव द्वारा आउट गेट पास को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इससे उठान प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी।



उचाना। संजय चहल के प्रतिष्ठान पर पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कपास मंडी में पहुंचे कृषि मंत्री

# कांग्रेस लेकर आई थी तीन कृषि कानून : राणा

- कहा : बारिश से नहीं ओलावृष्टि, तूफान से होता है फसलों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा कपास मंडी स्थित किसान सेवा केंद्र पहुंचे। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, मंडी प्रधान विकास पंघाल ने उनका स्वागत किया। यहां पर आढ़तियों, किसानों के साथ मीटिंग करके उनकी समस्याओं को जाना। नए नियमों को लेकर जानकारी भी मीटिंग में दी। जो-जो मांगे रखी उनका तुरंत समाधान कृषि मंत्री ने किया। मंडी प्रधान विकास पंघाल द्वारा खाद्य आपूर्ति विभाग की खरीद पुरानी मंडी में करने, दलबीर श्योकंद द्वारा गेहूं के नमी आने पर उसे सुखाने के लिए किसान को वापस ले जानेए गेट पास कटने के बाद जिस आढ़ती के नाम से गेट पास कटा वहां किसान के न जाने सहित अन्य समस्याएं रखी। इस पर कृषि मंत्री ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की खरीद की मांग पूरी हो जाएगी।

#### किसानों के साथ सरकार

राणा ने कहा कि सीएम के आदेश है कि जो अप्रैल का महीना है उसमें सभी मंत्री, विधायक मंडियों में रहेंगे। किसान, आढ़ती की समस्याए उठान सहित कोई भी समस्या हो उसका समाधान हो ये सीएम नायब सिंह सैनी की सोच है। तीन कृषि कानून कांग्रेस लेकर आई थी। केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी पीएम डा. मनमोहन सिंह होते थे। भाजपा विपक्ष में थी। इन कानूनों का विपक्ष की नेता सुषमा स्वराज ने विरोध किया था। दीपेंद्र हुड्डा उस समय रोहतक से सांसद थे। संसद में कानून की वकालत कर रहे थे कि इन कानूनों को जल्दी पास करो। भाजपा सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है।

# 6 गांवों के तालाबों में डाली गम्बुजिया

- चाबरी, निडाना, भैरोखेडा व नंदगढ़ के तालाबों में डाली मछलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निड़ाना के तहत सभी छह गांवों के तालाबों में गंबुजिया मछलियां डाली गई। जो तालाबों में पैदा होने वाले लार्वा को खा क र मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी बुखार जैसी खतरनाक बीमारियों के पनपने पर रोक में सहायक सिद्ध होगी। शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निड़ाना के स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप चहल के नेतृत्व में निडाना, चाबरी, ललित खेड़ा, ढिगाना, भैरोखेड़ा व नंदगढ़ के तालाबों में गम्बुजिया मछली डाली।



जींद। मछलियां छोड़ते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### पानी ठहराव के सभी साधनों की करें सफाई

इस अभियान के तहत स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप चहल ने बताया की गम्बुजिया मछली मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व जापानी बुखार के लार्वा को खाती है। जिससे इस खतरनाक बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। हमें डेंगू, मलेरिया इत्यादि के लार्वा को पनपने से रोकने के लिए अपने घरों में भी पानी के ठहराव के सभी साधनों जैसे कूलर, फ्रिज, वाटर स्टोरेज टैंक इत्यादि की सप्ताह में एक दिन सफाई करनी आवश्यक है ताकि समय रहते मच्छर जनित बीमारियों को नियंत्रित किया जा सके।

# 14 को सीआरएसयू में होगा बैसाखी महोत्सव

- संस्कृति परंपरा का दिखेगा अनुपम संगम : एडीसी प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

फसल कटाई की खुशियों और नई उम्मीदों के प्रतीक बैसाखी महोत्सव को इस वर्ष जींद में अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 14 अप्रैल को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। जहां हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं की मनमोहक झलक देखने को मिलेगी। एडीसी प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इस मौके पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़कर बैसाखी महोत्सव को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि इस महोत्सव को यादगार और आकर्षक बनाने में कोई कसर न छोड़ी जाए। बैसाखी केवल एक पर्व नही बल्कि मेहनतकश किसानों की खुशियों, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की तैयारियां समयबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से पूरी की जाएं।



जींद। बैठक लेते हुए एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### ये होंगे कार्यक्रम

महोत्सव का मुख्य आकर्षण जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्र व छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इनमें हरियाणवी लोक नृत्य, पारंपरिक रागनी, पंजाबी नृत्य और लोक संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से जहां एक ओर युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वहीं दूसरी ओर दर्शकों को हरियाणा की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। बैठक में एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीआईओ सुषमा देशवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एथलेटिक मीट में पुरुष वर्ग में संजय बने विजेता

- खेल मानसिक दृढ़ता व टीम भावना को करता है विकसित : नारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोण रामपाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 12 मार्च को आयोजित यूटीडी एथलेटिक मीट के विजेता खिलाडिय़ों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम का सफल आयोजन कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी तथा कुलसचिव डा. सीमा गुप्ता के निरंतर सहयोग से संभव हो सका। जिसके लिए सभी ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के चेयरपर्सन प्रो. कुलदीप नारा ने विजेता खिलाडिय़ों को प्रमाण पत्र एवं विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में खिलाडिय़ों की मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक सशक्तिकरण का माध्यम है बल्कि यह मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी विकसित करता है। उन्होंने खिलाडिय़ों को निरंतर अभ्यास करते रहने, लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



जींद। एथलेटिक मीट के विजेता खिलाड़ी कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

#### विजेता सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान यूटीडी स्पोट्र्स कोऑर्डिनेटर डा. अतुल सहारण ने बताया कि विभाग समय-समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर खिलाडिय़ों को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर महिला वर्ग में पूजा तथा पुरुष वर्ग में संजय को बेस्ट एथलीट का खिताब देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. प्रवीण गहलावत, डा. नवीन लाडवाल, डा. सुनीति, डा. जितेंद्र तथा योग विभाग से संजय सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# दिन में बंद हो 33 केवी की सप्लाई

- नगूरां सरपंच ने ग्रामीणों के साथ एसडीओ को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अलेवा

नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप व किसानों ने 33 केवी शामदों की दिन के समय चलने वाली बिजली सप्लाई बंद करने की मांग पत्र के माध्यम से नगूरां निगम एसडीओ आन्नंद कुमार से की। एसडीओ ने पंचायत का मांग पत्र निगम के उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है। नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप तथा किसान सुरेंद्र, शमशेर, रणबीर,राममेहर, महावीर, कर्मबीर, विकास, सुनील, बबलू, प्रकाश, संदीप आदि ने बताया कि नगूरां 132 केवी से चलने वाली शामदों 33 केवी की वजह से पिछले दो साल से गेंहू की फसल बिजली के तारों में फाल्ट आदि होने से जल रही है। जिससे किसानों तथा आमजन को माल हानि हो रही है।



अलेवा। नगूरां निगम एसडीओ को 33 केवी शामदों की बिजली सप्लाई बंद करने की मांग करते सरपंच प्रतिनिधि तथा किसान। फोटो : हरिभूमि

#### निगम अधिकारियों को भेजा जाएगा पत्र

बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नंद कुमार ने बताया कि नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप तथा अन्य किसानों ने 33 केवी शामदों की बिजली सप्लाई दिन के समय बंद करने की मांग की है। पंचायत तथा किसानों के मांग पत्र को निगम के उच्चाधिकारियों को भेज दिया जाएगा। निगम अधिकारी जो भी निर्णय लेते हैं। किसानों तथा पंचायत को अवगत करवा दिया जाएगा।

### कार्रवाई | सात पार्कों में 21 सिक्योरिटी गार्डों की नियुक्ति पर फर्जीवाड़ा, डीसी ने लिया संज्ञान

# डीएमसी कार्यालय की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

- एडीसी को सौंपी पार्कों की सिक्योरिटी एवं रखरखाव से जुड़े मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत नगरपालिका के अधीन सात पार्कों के रख-रखाव और सुरक्षा के लिए जारी किए गए टेंडर में कथित अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के आरोपों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। डीसी अपराजिता ने कलायत निवासी सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर एडीसी को जांच के आदेश जारी किए गए हैं। सुरेंद्र कुमार का आरोप है कि नगरपालिका के कुछ अधिकारियों और टेंडर लेने वाली एजेंसी ने मिलकर पार्कों में सुविधा प्रदान करने के नाम पर सरकार को वित्तीय नुकसान पहुंचाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के आधार पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को 13 अप्रैल को जांच में शामिल होने के लिए जिला मुख्यालय कैथल में हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दस्तावेज और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। ताकि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार को भी जांच के दौरान उपस्थित रहने और अपने पक्ष से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। प्रशासन का कहना है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कदम को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समाज सेवी संगठनों व आम लोगों द्वारा भी सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर लगातार ठोस कार्यवाही की मांग की जा रही है। इसके चलते 13 को होने वाली जांच बैठक पर टिकी हैं।



कलायत। कलायत स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क का मुख्य द्वार। फोटो : हरिभूमि

#### सिक्योरिटी के नियमों की पालना नहीं

पार्कों में फर्जीवाड़ा का मुद्दा उठाने वाले सुरेंद्र कुमार ने बताया कि टेंडर के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा। सात पार्कों में 24 घंटें की तीन सिफ्टों में 21 सिक्योरिटी गार्डों की तैनाती जरूरी थी। लेकिन करीब 10 माह का समय बीत जाने के बाद भी सिक्योरिटी के नियमों की पालना नहीं की गई। समाज सेवी संगठनों का कहना है कि नगर पालिका के कार्यों में पारदर्शिता एवं गतिशीलता को बनाए रखना जिला नगर आयुक्त की जिम्मेवारी रहती है। कहीं न कहीं डीएमसी कार्यालय इस मामलें में व्यवस्था को मजबूत करने में विफल साबित हुआ है। शायद यही वजह है कि पार्कों से संबंधित महत्वपूर्ण मामले की जांच डीएमसी कार्यालय की बजाए एडीसी को सौंपी गई है।



# होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति सरल सुरक्षित एवं प्रभावी : शकुंतला

**कैथल।** आयुष विभाग ने पट्टी अफगान स्थित गीता हाई स्कूल में विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के 271 वें जन्म दिवस को समर्पित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया एवं सरपंच मीनू रानी द्वारा किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्घति सरल, सुरक्षित एवं प्रभावी है, जो विभिन्न रोगों के उपचार में कारगर साबित होते हैं। शिविर में नाक, कान, गला, त्वचा, एलर्जी, हड्डी एवं पेट संबंधी रोगों की जांच कर मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में 255 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क होम्योपैथिक दवाइयां वितरित की गई।